हिन्दुस्तान

09 • पटना • शुक्रवार • 31 अगस्त 2018 •

इओयू रखे भी बिल्डरों पर नजर

पटना। रियल इस्टेट रेग्यूलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि आर्थिक अपराध इकाई भी बिल्डरों पर नजर रखे। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी भी निर्माण स्थल से जुड़ी जानकारी प्राप्त करें। निर्माण स्थल पर बोर्ड लगाकर सारी जानकारी दी गई है या नहीं इस पर ध्यान रखें। अगर बोर्ड पर रेरा का निबंधन नम्बर अंकित नहीं है, तो इसकी सूचना जल्द दें। रेरा के चेयरमैन अफजल अमानुल्लाह ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। कहा कि संस्था को कई बिल्डर गलत जानकारी दे रहे हैं। अवैध जीमन पर उनका निर्माण चल रहा है। चेक बाउन्स कर रहे हैं। ऐसे में सरकार का सहयोग जरूरी है, ताकि फ्लैट खरीदने वालों के हितों की रक्षा की जा सके।